सं0 ई-11011/3/2011-रा.भा./ **दिनांक: 15.02.2012**

सेवा में,

क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक,
भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण,
उत्तरी/पूर्वी/पश्चिमी/दक्षिणी/उत्तर पूर्वी क्षेत्र,
दिल्ली/कोलकाता/मुंबई/चेन्नई/गुवाहाटी

निदेशक विमानपत्तन,
भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण,
कोलकाता/चेन्नई

कार्यपालक निदेशक ,
रेडियो निर्माण व विकास एकक/उड़ान निरीक्षण एकक, सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली ।

प्रधानाचार्य,
नागर विमानन प्रशिक्षण कालेज,
बमरौली, इलाहाबाद (उत्तर प्रदेश)

महाप्रबंधक,
केन्द्रीय रेडियो भंडार डिपो
सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली

महाप्रबंधक,
विद्युत एवम् यांत्रिक वर्कशाप,
सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली

विषय: निगमित मुख्यालय की गृह पत्रिका "अर्पण" के सातवें अंक के प्रकाशन हेतु रचनाऐं भेजने के संबंध में ।

महोदय,

जैसा कि आपको विदित है कि सक्षम प्राधिकारी द्वारा दिए गए आदेशों के अधीन सभी क्षेत्रीय कार्यालयों/फील्ड कार्यालयों द्वारा हर प्रकार की हिन्दी पत्रिका का प्रकाशन बंद किया जाना है व प्राधिकरण द्वारा निगमित मुख्यालय स्तर पर ही हिन्दी की एक मात्र गृह पत्रिका अर्पण प्रकाशित की जाएगी । अर्पण पत्रिका के छठे अंका का प्रकाशन सम्पन्न हो गया है व इसे अलग से सभी क्षेत्रीय व फील्ड कार्यालयों को प्रेषित किया जा रहा है । उल्लेखनीय है कि यह पत्रिका राजभाषा हिन्दी के माध्यम से प्राधिकरण की समस्त गतिविधियों को सभी कार्यालयों को अवगत कराने का माध्यम है । अत: यह आवश्यक है कि पत्रिका में सभी क्षेत्रीय कार्यालय।फील्ड कार्यालय ज्ञानवर्द्धक साहित्यिक/तकनीकी लेख/कविताऐं/कहानियां/संस्मरण आदि जैसी रचनाएं भेजकर पत्रिका के प्रकाशन में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें । इस पत्रिका के सातवें अंक के प्रकाशन का प्रस्ताव है व पत्रिका में प्रकाशनार्थ हेतु निगमित मुख्यालय सहित आपके कार्यालय के अधिकारियों/कर्मचारियों की सहभागिता अपेक्षित है । अत: यह अनुरोध है कि इस तथ्य की जानकारी अपने कार्यालय के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को कराऐं व पत्रिका के प्रकाशन का व्यापक प्रचार करें । आपसे यह अनुरोध भी है कि अपने कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों को पत्रिका में प्रकाशनार्थ अपनी रचनाएं भेजने के लिए प्रेरित करें । पत्रिका में प्रकाशनार्थ सामग्री फुल स्केप कागज पर साफ-साफ टंकित अथवा हाथ से लिखी होनी चाहिए ।

यह भी अनुरोध है कि आपके कार्यालय से संबंधित विभिन्न गतिविधियों की सूचनाऐं, उनसे संबंधित चित्र तथा अन्य रचनाओं के साथ भेजे गए चित्रों के संबंध में चित्र में शामिल अधिकारियों व कर्मचारियों का विवरण अलग से दिया जाए ताकि चित्र छापने में सुगमता बनी रहे । सभी रचनाएं व रिपोर्टें श्री राजेन्द्र प्रसाद, उप महामहाप्रबंधक (राजभाषा) व संपादक "अर्पण" के नाम निगमित मुख्यालय के हिन्दी अनुभाग में 10 अप्रैल, 2012 तक अवश्य भेज दें । रचनाएं मंगल फांट में टंकित कर अधोहस्ताक्षरी को r_prasad2@aai.aero पर ई-मेल द्वारा भी भेजी जा सकती हैं । अस्पष्ट व अधूरी रचनाएं प्रकाशनार्थ स्वीकार नहीं की जाएंगी । सम्पादक मंडल को किसी भी रचना को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार है । एक अंक में स्थानाभाव के कारण रचनाएं अगले अंक में भी प्रकाशित की जा सकती हैं ।

भवदीय,

(राजेन्द्र प्रसाद)
उप महाप्रबंधक (राजभाषा)

आन्तरिक वितरण:

1.अध्यक्ष महोदय के कार्यपालक सहायक को सूचनार्थ ।
2.सदस्य (मानव संसाधन)/ (योजना)/ (ए एन एस)/ (प्रचालन) /(वित्त)/मुख्य सतर्कता अधिकारी के कार्यपालक सहायक को सूचनार्थ ।
3. सभी विभागाध्यक्ष । 4. सभी अनुभाग । 5.सभी सूचना पट्ट ।

प्रतिलिपि:. **श्री एच. सी. खण्डूरी, वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा),** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, प्रचालन भवन, गुड़गांव रोड, नई दिल्ली को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उपर्युक्त जानकारी प्रचालन कार्यालय में सभी संबंधितों में परिपत्रित करने की कृपा करें ।